08.04.2024 07.10 pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज, 13 मई को 8 सीटों पर होगा मतदान।
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने की चौथे चरण की तैयारियों की समीक्षा,
आयोग ने युवाओं से मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लेने को कहा।
- बैतूल लोकसभा सीट के चार मतदान केन्द्रों पर 10 मई को होगा पुर्नमतदान।
- प्रदेश के कई जिलों में हुई बारिश, तेज गर्मी से मिली राहत।

चुनाव प्रचार

चौथे चरण में के लिए प्रदेश में चुनाव प्रचार चरम पर है आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदसौर के गरोठ और सुआसरा में जनसभाएं की। साथ ही झाबुआ के थांदला में रोड–शों में शामिल हुए। उज्जैन के महिदपुर में भी डॉ. यादव ने एक जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने देवास और सीहोर जिलों में भी प्रचार किया। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने नेपानगर में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित किया। इसके अलावा बुरहानपुर और खंडवा में भी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। कांग्रेस सहित अन्य दल और निर्दलीय भी आज प्रचार में जुटे हुए है।

मतदाता जागरुकता

लोकसभा के चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रदेश की 8 सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। इसको लेकर जनजागरुकता के कार्यक्रम जारी है। नीमच जिले में आज सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता मेंहदी प्रतियोगिता एवं रांगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने हाथों पर मतदाता जागरूकता संदेश लिखी, आकर्षक मेंहदी रचाई। मंदसौर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कल चलें बूथ की ओर" अभियान में जनपद पंचायत भानपुरा में भाग लिया।

आयोग बैठक

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये चौथे चरण में मतदान वाले सभी लोकसभा क्षेत्रों में नियुक्त केन्द्रीय प्रेक्षकों से चर्चा की। श्री राजीव कुमार ने प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को बधाई दी। श्री कुमार ने कहा कि प्रेक्षक लगातार भ्रमण करते रहें। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के लिये टेन्ट, पीने का पानी और ओआरएस आदि की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें। मतदान बढ़ाने के लिये रिटर्निंग ऑफिसर, प्रेक्षक, स्वीप नोडल और पूरी निर्वाचन टीम सभी मिलजुलकर सामूहिक प्रयास करें। प्रदेश में चौथे चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम , धार , इंदौर, खरगौन और खण्डवा में 13 मई को मतदान होगा।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे **WhatsApp** नंबर **94065 23035** पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

चुनाव विदेशी दल

भारतीय चुनाव व्यवस्था का अवलोकन और अध्ययन करने के लिये पाँच मई से भोपाल आये फिलीपीन्स और श्रीलंका के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से भेंट की। इंटरनेशनल डेलीगेशन ने 5 से 7 मई तक निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया के अवलोकन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि महात्मा गांधीजी के देश में लोकतंत्र यहां के लोगों के दिलों में जिंदा है। भारतीय चुनाव को एक पर्व की तरह मनाते हैं। हमने ऐसा उत्सवपूर्ण चुनाव कभी नहीं देखा। दल ने कहा कि वे उनके देश में भारतीय निर्वाचन व्यवस्था की सभी अच्छी व्यवस्थाओं को लागू करने की अनुशंसा करेंगे।

निर्वाचन आयोग अपील

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने स्टेट आइकॉन, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन, कन्टेंट क्रिएटर एवं इन्फ्लूएंसर से आग्रह किया है कि इलेक्शन केम्पेन थीम **"IAM#Election A mbassador"** के अंतर्गत छोटे–छोटे वीडियो बनाकर मतदाताओं को लोकतंत्र के महान पर्व में शामिल होने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने लोकतंत्र के उत्सव में उत्साहपूर्ण भागीदारी करने के लिए युवा मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने पहली बार मतदान करने के अनुभवों और भावनाओं को साझा करें। उन्होंने रील्स, मीम्स बनाकर अपने इंस्टाग्राम सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर टैग करने को कहा हैं। वीडियो 10 मई तक पोस्ट करें। सर्वाधिक रचनात्मक पोस्ट को भारत निर्वाचन आयोग की सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया जायेगा और उन्हें पुरस्कृत कर डिजिटल फार्मेट में प्रशंसा पत्र भी दिया जायेगा।

विश्व रेड क्रॉस दिवस

विश्व रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस आज संरक्षण, सहायता, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सहायता और एकजुटता की आवश्कयता वाले लोगों के साथ काम करने वाले लाखों कर्मचारी और स्वयंसेवकों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बधाई देते हुए कहा कि संगठन के स्थापना दिवस पर उन सभी स्वयंसेवियों को नमन, जिन्होंने निःस्वार्थ समर्पण भाव से आपातकाल में मानवता की सेवा की। इस अवसर पर मंदसौर में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रासेयो इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान हेतु आए प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीण जनों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया।

बस में आग

बैतूल लोकसभा सीट के चार मतदान केन्द्रों पर 10 मई को पुर्नमतदान होगा। 7 मई को यहां मतदान के बाद लौट रहे पोलिंग पार्टी की बस आग लग गई थी जिससे चार ईवीएम को नुकसान पहुँचा था। घटना की जानकारी चुनाव आयोग को दी गई थी। जिसके बाद भारत निर्वाचन आयोग ने आज मुलताई विधानसभा क्षेत्र के राजापुर, डूडर रैयत, कुंदा रैयत और चीखली माल मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक पुर्नमतदान करने के आदेश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के पौनी गौला गांवों में कल ईवीएम और मतदान कर्मियों को लेकर लौट रही बस में अचानक आग लग गई। हादसे में सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। इसमें 6 मतदान केदो की ईवीएम मशीन वह अन्य सामग्री रखी हुई थी जिसमें चार मतदान केंद्रों की सामग्री में नुकसान हुआ था।

मौसम

प्रदेश में कई स्थानों पर आने वाले दिनों में हल्की बारिश की संभावना से गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने कल के लिए रीवा संभाग के जिलों सहित छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और पांढुर्णा के लिए बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 14 जिलो के लिए हल्की वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है जिसमें सिहोर, इंदौर देवास कटनी जबलपुर हरदा शामिल है। वहीं राजधानी भोपाल, रतलाम, उज्जैन, मंदसौर, इन्दौर में आज दोपहर बाद

हुई बारिश से तेज गर्मी से कुछ राहत मिली है। इस प्रदेश में कई जिलों में तेज गर्मी का सितम जारी है। दमोह में कल पारा रिकॉर्ड 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

<u>समाचार संक्षेप में :–</u>

- लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 13 मई को होने वाले मतदान में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान करवाने वाले बीएलओ को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन व्दारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जावेगा।
- नवीन शैक्षणिक सत्र के लिये पुस्तके, यूनिफार्म, स्टेशनरी आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध कराये जाने के लिए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय देवास में आज से तीन दिवसीय पुस्तक